FLORENCE INTERNATIONAL SCHOOL
CLASS- VI
WORKSHEET NO: 7
HINDI

NAME: **DATE: 07/04/2020**

अपठित गद्यांश

निम्नलिखित गद्यांशों को ध्यानपूर्वक पढकर पूछे गए प्रश्नों के लिए सही विकल्प चुनकर लिखिए |

देवी सरस्वती को आदिकाल से ही विद्या,बुद्धि और विवेक का भंडार माना जाता है सरस्वती की पूजा विद्यार्थियों का त्यौहार है जिसे वसंत पंचमी के दिन मनाया जाता है | इस दिन विद्या की देवी सरस्वती के सामने हाथ जोड़कर सद्गुण और उच्च शिक्षा का वरदान माँगते हैं | इनकी पूजा से हमें ज्ञान का प्रकाश मिलता है |इनकी कृपा से मनुष्य गुणवान,चरित्रवान एवं प्रतिभावान बनाता है | माँ सरस्वती के वस्त्र श्वेत हैं, उनकी सवारी हंस है और वे सदैव कमल के फूल पर आसीन रहती हैं |

1. सरस्वती को किसका भंडार माना जाता है ?
   (क) विद्या (ख) बुद्धि (ग) धन (घ) विद्या, बुद्धि और विवेक
2. विद्या की देवी किसे माना जाता है ?
   (क) दुर्गा (ख) लक्ष्मी (ग) सरस्वती (घ) पार्वती
3. माँ सरस्वती के वस्त्र कैसे हैं ?
   (क) काले (ख) लाल (ग) पीले (घ) श्वेत
4. हंस किसकी सवारी है ?
   (क) चामुंडा (ख) सरस्वती (ग) पार्वती (घ) गौरी
5. सरस्वती पूजा का त्यौहार किस दिन मनाया जाता है ?
   (क) गणेश चतुर्थी (ख) दुर्गा अष्ठमी (ग) बसंत पंचमी (घ) नाग पंचमी